कोटद्वार, बुधवार
28 जनवरी 2026
वर्ष: 48
अंक: 246 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध :धामी

**सरकार ने केवल घोषणाएं नहीं कीं, बल्कि ठोस निर्णय लेकर उन्हें धरातल पर उतारा, वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश दिया**



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर देहरादून स्थित गांधी पार्क में भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी विशेष है क्योंकि राष्ट्रगीत वंदे मातरम् अपनी रचना के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर चुका है। कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की लेखनी से निकला वंदे मातरम् स्वतंत्रता आंदोलन का नारा रहा है, जिसने देशवासियों को एक साझा भावनात्मक और सांस्कृतिक पहचान प्रदान की तथा पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जब गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने इसे संगीतबद्ध किया, तब यह केवल नारा नहीं रहा, बल्कि एकता, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सजीव प्रतीक बन गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह दिन राष्ट्र के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1950 में स्वतंत्र भारत ने अपना संविधान लागू कर एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में अपनी यात्रा आरंभ की। उन्होंने संविधान सभा के सभी सदस्यों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, सत्याग्रहियों और माँ भारती के अमर सपूतों को नमन करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को स्मरण किया। साथ ही उन्होंने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले सेना और पुलिस के वीर जवानों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की प्राचीन सभ्यता, लोकतांत्रिक मूल्यों और हजारों वर्षों की सांस्कृतिक चेतना का प्रतिबिंब है। कहा कि जिस भारत के बारे में यह कहा जाता था कि इतनी विविधताओं वाला देश लोकतांत्रिक नहीं रह पाएगा, वही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कहा कि सरकार ने केवल घोषणाएं नहीं कीं, बल्कि ठोस निर्णय लेकर उन्हें धरातल पर उतारा है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, श्रीमती सविता कपूर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रप्रयाग। बदरीनाथ हाईवे पर मकड़ी बाजार पेट्रोल पंप की चढ़ाई के पास मंगलवार शाम को एक कार चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रवीन (42 वर्ष), पुत्र नारायण, निवासी श्रीनगर के रूप में हुई है। वह प्रतिदिन श्रीनगर से शिक्षकों को रुद्रप्रयाग स्थित उनके स्कूल लाने और ले जाने का काम करता था।पुलिस को सूचना मिली कि हाईवे पर एक व्यक्ति गिरा हुआ है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो प्रवीन अपनी कार में मृत मिला। पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि जब प्रवीन सड़क पर गिरा था तो किसी राहगीर ने उसे उठाकर वाहन में बैठा दिया था। घटना के समय वाहन से आने वाले सभी शिक्षक स्कूल में थे। छुट्टी होने के बाद जब शिक्षकों ने प्रवीन को फोन किया तब पुलिस ने फोन उठाया और उसकी मृत्यु की जानकारी दी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुलदीप पंत ने बताया कि प्रवीन ने सुबह शिक्षकों को स्कूल छोड़ा और मकड़ी बाजार में वाहन खड़ा कर दिया। जिस स्थान पर प्रवीन गिरा था वहां खून के निशान मिले हैं। आशंका है कि फिसलकर गिरने से सिर पर गंभीर चोट लगी होगी। प्रथम दृष्टया यह हार्टअटैक का मामला भी लग रहा है। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

### फेसबुक से फर्जी ऐप डाउनलोड कर गंवाए 8 .08 लाख

देहरादून। फेसबुक पोस्ट के जरिए साइबर ठगों की बनाई ऐप डाउनलोड करना प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बुजुर्ग को महंगा साबित हुआ। ऐप डालनलोड करने पर पीड़ित के मोबाइल की जानकारी साझा हो गई। इस तरह उनके खाते से 8.08 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि कोल्हूपानी, नंदा की चौकी निवासी सूर्यपाल सिंह रावत ने पुलिस को बताया कि उन्होंने फेसबुक पर दिए गए एक लिंक से पीएनबी ऐप डाउनलोड किया था। इसके बाद नौ जनवरी 2026 को उनके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। जिसमें उनसे बैंक खाते से जुड़ी जानकारी मांगी गई। बातचीत के दौरान ही शातिरों ने पीड़ित के फोन की स्क्रीन शेयर कर ली और उनके बिना जाने खाते से कई बार में लाखों रुपये निकाल लिए। पीड़ित तकनीक की अधिक समझ न होने के कारण इस साइबर जाल में फंसे। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि शिकायत पर साइबर ठगों की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### मसूरी में बारिश से ठंड बढ़ी, बर्फबारी की उम्मीद जगी

देहरादून। मसूरी में हल्की बारिश से मौसम बदल गया व कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। मसूरी के आसपास इलाकों में फिर बर्फबारी की फिर से उम्मीद जग गई। मौसम विभाग की घोषणा के बाद एक बार फिर मसूरी का मौसम बदल गया । सुबह धूप आने के बाद काले बादल छा गए। हल्की बारिश शुरू हो गई जिससे एक बार फिर से बर्फबारी की संभावना व्यक्त की जा रही है। दुकानदार हीटर के सहारे सर्दी से राहत लेने की कोशिश कर रहे हैं वहीं नगर पालिका के माध्यम से शाम को अलाव जलाने की व्यवस्था की गयी है।

### आठवें वेतनमान के लिए लामबंद हुए रेल कर्मचारी

देहरादून। देहरादून रेलवे स्टेशन पर नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) की देहरादून शाखा का त्रिवार्षिक अधिवेशन में कर्मचारियों ने आठवां वेतमान लागू करने की मांग उठाई। अधिवेशन में रेलवे के निजीकरण की तैयारी का भी पुरजोर विरोध किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा का यूनियन पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। मीणा समाज के कर्मचारियों ने उन्हें 42 मीटर लंबी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मांग की कि सरकार 8वां वेतन आयोग अति शीघ्र लागू करे। इसके साथ ही उन्होंने सेफ्टी कैडर के लिए रिस्क अलाउंस, ट्रैक मेंटेनर्स के लिए एसडीसीई भर्ती प्रक्रिया को सभी के लिए खोलने, रनिंग अलाउंस में 25 प्रतिशत माइलेज बढ़ोतरी और महिला लोको पायलटों के लिए विभागों में समान योजना लागू करने की पुरजोर वकालत की।

## कोलकाता के गोदाम में आग लगने से अब तक 8 की मौत

कोलकाता ,पश्चिम बंगाल पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कोलकाता के आनंदपुर इलाके में गोदाम में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है, जबकि कई अन्य अभी लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार तड़के करीब 3 बजे ड्राई फूड गोदाम में लगी आग को बुझाने के लिए लगभग 15 फायर इंजन ने दिन–रात काम किया। बाकी लोगों की तलाश अभी भी जारी है। सोमवार शाम तक, सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। मंगलवार को एक और व्यक्ति की मौत की खबर आई। बारुईपुर पुलिस जिले के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, अब तक आठ लोगों की मौत हो चुकी है। कई अन्य अभी लापता हैं। आग लगभग काबू में है, इसलिए तलाशी जारी है। आनंदपुर के नजीराबाद में गोदाम में मुख्य रूप से सूखा, पैकेट वाला खाना और सॉफ्ट ड्रिंक की बोतलें रखी थीं। फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, आग दो पास के गोदामों में फैल गई। लगभग सब कुछ जलकर खाक हो गया है। चूंकि गोदाम एक पतली गली के अंदर था, इसलिए फायर फाइटर को आग बुझाने में मुश्किल हुई। राज्य के बिजली मंत्री अरूप बिस्वास घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक के परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने बचाव अभियान का जायजा लिया और लापता लोगों के परिवारों से भी बात की। हालांकि, यह साफ नहीं है कि गोदाम में आग कैसे लगी। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को शक है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। रात की ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी अंदर फंस गए थे। पता चला है कि गोदाम में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करने वाले छह से ज्यादा लोग फंस गए थे।

**दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा**

## उज्जैन महाकाल के दर्शन कर लौट रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत



दौसा ,राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पापड़दा थाना क्षेत्र में पिलर संख्या 193 के पास तेज रफ्तार कार पीछे से एक ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 5:30 बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार ट्रक में फंसकर करीब 8 किलोमीटर तक घिसटती चली गई। दुर्घटना के बाद कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए। पुलिस ने बताया कि मृतक उत्तर प्रदेश के नोएडा के निवासी थे और उज्जैन (मध्य प्रदेश) में महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन कर वापस लौट रहे थे। मृतकों की पहचान राहुल गुप्ता (35), पारस अग्रवाल (35), प्रिंस गुप्ता (23) और विक्रम सिंह (30) के रूप में हुई है। चारों की मौके पर ही मौत हो गई। कार की सबसे पीछे की सीट पर बैठे बृजमोहन गुप्ता को मामूली चोटें आई हैं। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

हादसा इतना भयावह था कि कार में फंसे शवों को बाहर निकालने के लिए पुलिस और राहतकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

## यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई एक और याचिका



नई दिल्ली , उच्च शिक्षा संस्थानों को लेकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों का लगातार विरोध हो रहा है। इन नियमों को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को एक और याचिका दाखिल की गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि ये नियम सामान्य वर्ग के लिए भेदभावपूर्ण हैं। वकील विनीत जिंदल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कहा कि ये नियम सामान्य वर्ग के लिए भेदभावपूर्ण हैं और उनके मौलिक अधिकारों का हनन करने वाले हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से मांग की गई है कि यूजीसी रेगुलेशंस–2026 के प्रावधान 3(सी) को लागू करने पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा, 2026 के नियमों के अंतर्गत बनाई गई व्यवस्था सभी जाति के व्यक्तियों के लिए लागू हो। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट में सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए नियम 3(सी) को चुनौती दी गई। एक जनहित याचिका (पीआईएल) में यूजीसी के नए नियम के नियम 3(सी) को मनमाना, भेदभावपूर्ण और असंवैधानिक बताते हुए रद्द करने की मांग की गई। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि यह प्रावधान उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नाम पर कुछ वर्गों (खासकर सामान्य वर्ग) के खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा देता है और इससे कुछ समूहों को शिक्षा से बाहर किया जा सकता है। याचिका में कहा गया कि नियम 3(सी) संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 21 (व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है। साथ ही, यह यूजीसी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के विपरीत है और उच्च शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने के मूल उद्देश्य को नुकसान पहुंचाता है।बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 13 जनवरी को 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026' लागू किया। इसके तहत कई संस्थानों को इक्विटी कमेटी बनाने और भेदभाव विरोधी नीति लागू करने के निर्देश दिए गए।

यूजीसी के नए नियमों का उद्देश्य कैंपस पर जाति, धर्म, लिंग, जन्मस्थान, विकलांगता आदि के आधार पर होने वाले भेदभाव को पूरी तरह समाप्त करना है। इन नियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (विश्वविद्यालयों और कॉलेजों) में इक्विटी कमेटी गठित करने का प्रावधान है, जो शिकायतों की जांच करेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई (जैसे डिग्री रोकना, संस्थान की मान्यता रद्द करना आदि) कर सकेगी।

## शंकराचार्य के अपमान पर इस्तीफा देने वाले बरेली सिटी मजिस्ट्रेट सस्पेंड

बरेली/लखनऊ गणतंत्र दिवस पर सनसनीखेज तरीके से इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को शासन ने सस्पेंड (निलंबित) कर दिया है। उत्तर प्रदेश शासन ने इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए कमिश्नर को जांच सौंपी है। निलंबन की अवधि के दौरान अग्निहोत्री को शामली जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। इस्तीफे की वजह : शंकराचार्य का अपमान और त्रष्ट कानून 2019 बैच के पीसीएस अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने अपने 5 पन्नों के त्यागपत्र में कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने इस्तीफे के पीछे मुख्य दो कारण बताए:
शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के शिष्यों की पिटाई और उनके प्रति किए गए कथित अपमान से आहत होना।

**शंकराचार्य का आश्वासन : धर्म के क्षेत्र में देंगे बड़ा पद**

इस्तीफे की खबर मिलते ही ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने देर रात अलंकार अग्निहोत्री से फोन पर बात की। शंकराचार्य ने अधिकारी के कदम की सराहना करते हुए कहा पूरा सनातनी समाज आपसे प्रसन्न है। सरकार ने आपको जो पद दिया था, हम उससे भी बड़ा पद आपको धर्म के क्षेत्र में देंगे।

**डीएम आवास पर 'बंधक' बनाने का आरोप**

अलंकार अग्निहोत्री ने कल शाम जिला अधिकारी अविनाश सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

## सूचना विभाग की झांकी ने लगातार तीसरी बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

### राज्य की 25 साल की विकास यात्रा एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन पर आधारित थी झांकी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में राज्य स्तरीय समारोह में सूचना विभाग की झांकी ने लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। ''रजत जयंती एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन'' पर आधारित इस झांकी में राज्य के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा के साथ ही तीर्थाटन एवं पर्यटन विकास से जुड़े पहलुओं को दिखाया गया।

झांकी के प्रथम भाग में गंगा मन्दिर, मुखवा को प्रदर्शित किया गया, जो माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास है। झांकी के अग्रिम केबिन में उत्तराखण्ड गठन के 25 गौरवशाली वर्ष प्रदर्शित किए गए, जो राज्य की विकास यात्रा, सांस्कृतिक पहचान और निरंतर प्रगति को दर्शाते हैं। झांकी के ट्रेलर भाग में उत्तराखण्ड को आयुर्वेद के अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जो राज्य की औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों की प्राचीन चिकित्सा पद्धति को रेखांकित करती है। ट्रेलर के द्वितीय खंड में उत्तराखण्ड की होम स्टे योजना को दर्शाया गया। इसके पश्चात् झांकी में खरसाली स्थित यमुना मन्दिर को प्रदर्शित किया गया, जो माँ यमुना का शीतकालीन धाम है। झांकी के अंतिम भाग में उठते हुए स्तंभों (पिलर्स) के माध्यम से उत्तराखण्ड की वर्ष-दर-वर्ष प्रगति को दर्शाया गया, जो राज्य के सतत विकास का प्रतीक है। झांकी के पार्श्व भाग में उत्तराखण्ड में लागू किये गये नये कानूनों को प्रदर्शित किया गया, जो राज्य की कानून व्यवस्था एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पृष्ठभूमि में की गई ऐंपण कला की सजावट, उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कला को आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ती है।

## पीएम मोदी ने आईईडब्ल्यू 2026 का उद्घाटन किया

### भारत–यूरोपीय संघ के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को सराहा



नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2026 कॉन्क्लेव के चौथे एडिशन का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को सभी डील्स की जननी और दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण बताया। उद्घाटन के बाद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी पर चर्चा करने के लिए भारत आए हैं, मैं सभी का स्वागत करता हूं। इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) बहुत कम समय में बातचीत और एक्शन के लिए एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म बन गया है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत एनर्जी सेक्टर के लिए अपार अवसरों की भूमि बन गया है। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ग्लोबल मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। आज हम पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स के लिए दुनिया के टॉप पांच देशों में से हैं। हमारा एक्सपोर्ट 150 से ज्यादा देशों तक पहुंचता है। भारत की क्षमता आपके लिए बहुत उपयोगी होगी, इसीलिए एनर्जी वीक जैसा प्लेटफॉर्म हमारी पार्टनरशिप को बढ़ावा देने के लिए एक बेहतरीन जगह है।पीएम मोदी ने कहा कि वह एक बड़े डेवलपमेंट का जिक्र करना चाहेंगे, जिसमें भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच एक बहुत महत्वपूर्ण समझौते के लगभग पूरा होने की बात कही।

उन्होंने भारत–ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के बारे में बात करते हुए कहा कि दुनिया इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कह रही है। इस समझौते ने भारत के 140 करोड़ लोगों और यूरोपियन देशों के करोड़ों लोगों के लिए ज़बरदस्त अवसर लाए हैं। भारत और ईयू ने एक ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत पूरी कर ली है, जिसे व्यापार बढ़ाने और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस डील की घोषणा आज बाद में होने वाली है।

प्रधानमंत्री ने एफटीए को दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का एक बेहतरीन उदाहरण बताया, जो उनके अनुसार, दुनिया की कुल जीडीपी का लगभग 25 प्रतिशत और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक–तिहाई हिस्सा है।

## भारी बर्फबारी से श्रीनगर की उड़ानें प्रभावित

श्रीनगर ,श्रीनगर में हो रही भारी बर्फबारी का असर हवाई सेवाओं पर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। एयर इंडिया और इंडिगो दोनों एयरलाइंस ने मंगलवार को ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। लगातार बर्फबारी के चलते श्रीनगर आने–जाने वाली कई उड़ानों के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

एयरलाइंस का कहना है कि मौसम सामान्य होते ही उड़ानों को दोबारा शुरू करने की पूरी कोशिश की जाएगी। एयर इंडिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि श्रीनगर में भारी बर्फबारी के कारण आज उनके फ्लाइट ऑपरेशंस प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने यात्रियों को भरोसा दिलाया है कि उनके ग्राउंड स्टाफ एयरपोर्ट पर मौजूद हैं और हर संभव मदद देने के लिए तैयार हैं।

## बारिश और ओलावृष्टि से ठिठुरा उत्तर भारत



नई दिल्ली , राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में मंगलवार सुबह से मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह होते ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया, जो रुक–रुककर जारी है। बारिश के साथ तेज हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। वहीं नोएडा और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की खबर सामने आई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। दिल्ली–एनसीआर में आज सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए हैं और गरज–चमक के साथ बारिश हो रही है। गणतंत्र दिवस के बाद यह इस सीजन की दूसरी बारिश बताई जा रही है। बारिश के चलते न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे ठंड फिर से बढ़ गई है। उधर, हरियाणा के नारनौल सहित कई इलाकों में हुई ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि अगर मौसम ऐसा ही रहा तो रबी की फसल पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली–एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, दिनभर बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी।

## इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से वायु प्रदूषण को कम करने में मिल रही मदद : रिपोर्ट



नई दिल्ली , इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से अमेरिका के कैलिफोर्निया के आस–पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता में पहले के मुकाबले सुधार हो रहा है। केके स्कूल ऑफ मेडिसिन ऑफ यूएससी के रिसर्च द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, हाई–रिज़ॉल्यूशन सैटेलाइट डेटा का उपयोग करते हुए, टीम ने पहली सांख्यिकीय में शून्य–उत्सर्जन वाहनों से सीधे जुड़े नाइट्रोजन डाइऑक्साइड प्रदूषण में महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की है, जिससे पता चलता है कि स्वच्छ परिवहन आज वास्तविक लाभ प्रदान कर रहा है।

द लैंसेट प्लेनेटरी हेल्थ में प्रकाशित इस अध्ययन में 2019 से 2023 के बीच वायु प्रदूषण के स्तर में आए बदलावों का विश्लेषण किया गया है, क्योंकि अधिक से अधिक कैलिफोर्निया के लोग शून्य–उत्सर्जन वाले वाहनों, जिनमें पूरी तरह से इलेक्ट्रिक और प्लग–इन हाइब्रिड कारें शामिल हैं, की ओर रुख कर रहे हैं।

रिसर्चर्स ने पाया कि किसी भी इलाके में हर 200 इलेक्ट्रिक वाहनों के जुड़ने से नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का स्तर लगभग 1.1 प्रतिशत कम हो जाता है। नाइट्रोजन डाइऑक्साइड एक हानिकारक प्रदूषक है जो मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने से उत्पन्न होता है और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग और स्ट्रोक का कारण बनता है। हालांकि, इलेक्ट्रिक वाहनों को अकसर जलवायु परिवर्तन से निपटने के दीर्घकालिक उपाय के रूप में बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन यह शोध दर्शाता है कि वे अल्पकालिक रूप से भी हवा को स्वच्छ बना रहे हैं। सीनियर लेखक डॉ. एरिका गार्सिया ने कहा कि ये नतीजे इसलिए जरूरी हैं क्योंकि हवा का प्रदूषण लगभग तुरंत सेहत पर असर डालता है।

## यूजीसी नियमों को लेकर देशभर में बवाल, सरकार जल्द जारी करेगी फैक्ट

नई दिल्ली ,यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों को लेकर देशभर में राजनीतिक और सामाजिक तनाव बढ़ता जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, सरकार इन नियमों को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे कथित भ्रम का जवाब तथ्यों के साथ देने की तैयारी कर रही है। त्रष्ट द्वारा लागू किए गए नए नियमों का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति–आधारित भेदभाव को रोकना और कैंपस में समानता सुनिश्चित करना बताया जा रहा है। ये नियम हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस में इक्विटी रेगुलेशन के तहत लाए गए हैं। यूजीसी के नए नियम 13 जनवरी 2026 को लागू किए गए थे। रिपोट्‌र्स के मुताबिक, इन नए नियमों से ऊंची जाति के लोग नाराज हैं। अब सरकार इन नियमों पर जल्द ही अपना रुख साफ कर सकती है। रिपोट्‌र्स के मुताबिक, अगले हफ्ते संसद का बजट सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष इस मुद्दे को और बढ़ाना चाहता है। विपक्ष को बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट और सत्ताधारी [illegible] के युवा विंग, युवा मोर्चा के नेता, जिन्होंने अब पार्टी से इस्तीफा दे दिया है,

## कर्मचारियों की हड़ताल से बैंकों को 65 करोड़ का फटका, उपभोक्ता भी हलकान




नैनीताल। पांच दिनी बैंकिंग व्यवस्था की मांग को लेकर मंगलवार को सरकारी बैंकों के अधिकारी–कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसके चलते अपने–अपने काम कराने बैंकों में आए उपभोक्ताओं को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दिनभर लेन–देन के कार्य ठप रहे। इस एकदिनी हड़ताल के चलते शहर के सभी सरकारी बैंकों में कुल 60 से 65 करोड़ का लेनदेन प्रभावित रहा। एक दिवसीय हड़ताल में विभिन्न सरकारी बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कर्मचारियों ने माल रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के आने धरना प्रदर्शन और नारेबाजी भी की। बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बंधन बैंक, द कूर्मांचल नगर सहकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, नैनीताल बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, यूको बैंक आदि इस बंद में शामिल रहे। कर्मचारियों ने कहा कि हड़ताल का उद्देश्य लंबे समय से लंबित मांगों जैसे सप्ताह में पांच कार्य दिवस लागू करने पर बैंक प्रबंधन और सरकार का ध्यान आकर्षित करना रहा।

पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू होने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार होगा। बैंक कर्मचारी संगठनों के यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन और इंडियन बैंक एसोसिएशन ने कहा, यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय न लिया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार और बैंक प्रबंधन से अपील की है कि पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था जल्द लागू किया जाए।

## सम्पादकीय

# जातीय विद्वेष का कानून

यूजीसी कानून से पहले सवर्ण जातियों के लोग एससी/एसटी कानून को देख चुके है। इस कानून का कुछ असामाजिक तत्वों ने जमकर दुरुपयोग किया और उंची जातियों को झूठे मामलों में न सिर्फ फंसाया बल्कि उनसे पैसे भी ऐंठे. हम ये नहीं कह रहे कि एससी/एसटी एक्ट केस का हर मामला झूठा था। कई मामले सही भी साबित हुए लेकिन इन सबके बीच ये साफ तौर पर देखा गया कि इस कानून का कुछ अराजक तत्वों ने जमकर फायदा उठाया और इसका दुरुपयोग करते हुए इसे कमाई का जरिया तक बना डाला यही वजह है कि अगड़ी जातियों के लोग यूजीसी कानून के विरोध में उतर गए हैं. देश की अदालतों ने भी माना है की एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग हो रहा है। एससी एसटी के केस सवर्णो से ज़्यादा ओबीसी पर केस हुवे तो फिर यूजीसी में ओबीसी वर्ग बेचारा क्यों हो गया। न्याय तभी सार्थक माना जा सकता है, जब वह सभी नागरिकों के लिए समान, निष्पक्ष और संतुलित रूप से लागू हो। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी द्वारा जारी नई इक्विटी रेगुलेशन्स में संतुलन के अभाव के कारण उच्च शिक्षण संस्थानों में चिंता, भ्रम और असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है कि इस नए एक्ट में भेदभाव की परिभाषा को सीमित दायरे में क्यों रखा गया है, तथा झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों की स्थिति में उत्तरदायित्व तय करने और दंड देने का स्पष्ट प्रावधान क्यों नहीं है। संतुलित और समावेशी प्रतिनिधित्व के बिना गठित समितियाँ न्याय के वास्तविक उद्देश्य को पूर्ण नहीं कर पातीं और उनके निर्णय कई बार केवल औपचारिक बनकर रह जाते हैं। इन नियमों को संविधान के समानता, निष्पक्षता और गरिमा के सिद्धांतों के अनुरूप जाति–निरपेक्ष, पारदर्शी और सभी के लिए सुरक्षित बनाया जाए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के अधिकारों और सम्मान को क्षति न पहुँचे। यूसीजी का विरोध करना अपराध गलत नहीं है। सरकार द्वारा लाए गए गलत नियम का अगर विरोध हो रहा है सरकार को समाज में खाई पैदा करने वाले ऐसे कानूनों से बचना चाहिए। यूसीजी कानून तो यही कह रहा है अगर कोई एससी, एसटी या ओबीसी कह दे स्वर्ण अपराधी साबित हो गए कोई जांच नहीं होगी, जाओ सीधे जेल में। यही तो गलत है। पहले जांच होनी चाहिए उसके बाद अगर अपराध साबित हो तो सीधे जेल भेजो और अगर नहीं हो तो जिसने झूठी रिपोर्ट की है उस पर भी जुर्माना हो और जेल भेजा जाए। आखिर इसमें क्या दिक्कत है? लेकिन यहां सरकार एक खास वर्ग के खिलाफ हठधर्मिता अपने बैठी है। सरकार को विधि के शासन और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करना चाहिए जिससे शिक्षा संस्थानों का वातावरण विश्वासपूर्ण, न्यायसंगत और भयमुक्त बना रहे।

# कांग्रेस को असम से बहुत उम्मीदें

**अजीत द्विवेदी**

अप्रैल में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे, जिनमें से दो राज्य कांग्रेस की उम्मीदों के प्रदेश हैं। कांग्रेस को केरल और उसके साथ साथ असम से बहुत उम्मीदें हैं। कांग्रेस को लग रहा है कि 10 साल की सत्ता ने प्रदेश में भाजपा को अलोकप्रिय बनाया है और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भड़काऊभाषणों व विभाजनकारी राजनीति से लोग उब्बे हुए हैं। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? यह सही है कि 10 साल की एंटी इन्कम्बेंसी है और संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए से भी असम के लोगों में नाराजगी है। फिर भी पिछले दो चुनावों से जिस स्तर का ध्रुवीकरण हो रहा है वह कांग्रेस के लिए चुनौती है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने बदरूद्दीन अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया है। इससे ध्रुवीकरण की संभावना थोड़ी कम हुई है।

बहरहाल, पहले सीएए की बात करते हैं। भाजपा ने 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले संशोधित नागरिकता कानून यानी सीएए पर अमल इसलिए रोक दिया था क्योंकि असम में उसको इसके नुकसान का अंदाजा हो गया था। गौरतलब है कि सीएए का कानून 2019 में पास किया गया लेकिन उसे लागू करने के नियम नहीं बनाए गए। 2021 के चुनाव में भाजपा को इसका असम में फायदा हुआ और पश्चिम बंगाल में थोड़ा नुकसान हुआ। अब पश्चिम बंगाल में फायदे के लिए उसने सीएए लागू कर दिया लेकिन हो सकता है कि असम में इसका नुकसान हो। असम में यह धारणा बनी है कि सीएए से बांग्ला बोलने वाली आबादी बढ़ जाएगी और असमिया भाषा व संस्कृति कमजोर होगी।

कांग्रेस के नेता और मुख्यमंत्री पद के अघोषित दावेदार गौरव गोगोई अहोम वंश से जुड़े हैं और असमिया भाषा और संस्कृति के मुद्दे उठाते रहते हैं। साथ ही कांग्रेस ने भाषा व संस्कृति के आधार पर सीएए का विरोध करने वाले समूहों द्वारा बनाई गई पार्टियों से तालमेल किया है। वह भाजपा के धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण के मुकाबले भाषा और अस्मिता के आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।

कांग्रेस पार्टी ने असम में उम्मीदवारों का चयन करने के लिए छंटनी समिति बनाई है, जिसका अध्यक्ष प्रियंका गांधी वाड्रा को बनाया गया है। इससे भी लग रहा है कि कांग्रेस असम को लेकर काफी भरोसे में है। गठबंधन की बातचीत भी लगभग तय है। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण रोकने के लिए कांग्रेस ने इस बार बदरूद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एआईयूडीएफ से तालमेल नहीं किया है। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अजमल की पार्टी के लिए 20 सीटें छोड़ी थीं।

पिछली बार की तरह इस बार बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट यानी बीपीएफ भी कांग्रेस के साथ नहीं है। हागरामा मोहिलारी की पार्टी ने बोडोलैंड टेरिटोरियल काउंसिल यानी बीटीसी का चुनाव जीता और उसके बाद भाजपा ने उससे तालमेल कर लिया है। अब बोडोलैंड की दोनों पार्टियां बीटीसी और यूपीपीएल भाजपा के साथ हैं। कांग्रेस ने अजमल और मोहिलारी की पार्टी को 32 सीटें दी थीं और खुद 95 सीटों पर लड़ी थी। इस बार ये दोनों पार्टियां कांग्रेस के साथ नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस ने अलग अलग जातीय समूहों में असर रखने वाली छोटी पार्टियों के साथ अपना गठबंधन किया है।कांग्रेस ने पिछली बार



महाजोत बनाया था, जिसमें एआईयूडीएफ, बीपीएफ के साथ साथ राष्ट्रीय जनता दल, तीन कम्युनिस्ट पार्टियां और एक अन्य दल शामिल था। इस बार कांग्रेस ने असोम सम्मिलितो मोर्चा बनाया है। इसमें कांग्रेस के अलावा पहले की तरह सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई माले शामिल है। पिछली बार यूआरएफ बना कर अलग चुनाव लड़ी दो स्थानीय पार्टियों लुरिनजोत गोगोई की असम जातीयता परिषद और अखिल गोगोई की रायजोर दल से इस बार कांग्रेस ने तालमेल किया है। इनके अलावा ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस से भी कांग्रेस ने तालमेल किया है। यूपीपीएल और बीपीएफ के नहीं होने से हिल एरिया के लिए कांग्रेस को एक पार्टी की जरुरत थी। सात पार्टियों का सम्मिलित मोर्चा भले पिछली बार के मुकाबले कमजोर दिख रहा है लेकिन जमीनी असर और नैरेटिव के मामले में इस मोर्चे ने चुनाव से पहले भाजपा को कड़ी टक्कर देने का संकेत दिया है।

अब अगर पिछले चुनाव की बात करें तो एनडीए और महाजोत के बीच बेहद करीबी मुकाबला हुआ था। एनडीए को 44.51 फीसदी वोट मिला था तो महाजोत को 43.68 फीसदी वोट मिला था। यानी अंतर एक फीसदी से भी कम था। हालांकि सीटों में बड़ा अंतर आ गया था। यह भारत की 'फर्स्ट पास्ट द पोस्टइ सिस्टम की अंतर्निहित खामी है। 44.51 फीसदी वोट पर एनडीए को 75 यानी 59.5 फीसदी सीटें मिलीं। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला महाजोत 43.68 फीसदी वोट लेकर 50 यानी 39.7 फीसदी सीटें जीत सका। महाजोत का असली फायदा अजमल की पार्टी को मिला, जो 20 सीटों पर लड़ कर नौ फीसदी वोट लाई और 16 सीटें जीत गई।

मोहिलारी की पार्टी 3.39 फीसदी वोट लेकर तीन ही सीट जीत पाई और कांग्रेस 29 फीसदी वोट लेकर 29 सीट जीत पाई। वोट का यह ट्रेंड थोड़े बहुत अंतर के साथ लोकसभा चुनाव 2024 में भी बना रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 42 फीसदी और कांग्रेस को 40 फीसदी के करीब वोट मिले। लोकसभा चुनाव गौरव गोगोई की कमान में लड़ा गया था। उनकी कोलियाबोर सीट परिसीमन में समाप्त हो गई तो वे जोरहाट सीट से लड़े और चुनाव जीते। कांग्रेस को तीन ही सीट मिली, लेकिन सबसे बड़ी बात यह थी कि कांग्रेस के रकिबुल हसन ने बदरूद्दीन अजमल को 10 लाख से ज्यादा वोट से हरा दिया।

कांग्रेस के नेता मान रहे हैं कि मुस्लिम वैसे भी कांग्रेस के साथ हैं इसलिए उसने अजमल की पार्टी से तालमेल नहीं किया। कांग्रेस यह भी मानती है कि इससे भाजपा को ध्रुवीकरण कराने का मौका नहीं मिलेगा। हालांकि अजमल की पार्टी अपने असर वाले इलाके खास कर धुबरी, बारपेटा, करीमगंज आदि में अच्छा प्रदर्शन कर सकती है। लेकिन कांग्रेस को यह भी पता है कि जीतने के बाद अजमल के भाजपा के साथ जाने की संभावना नहीं है। यानी जरुरत पड़ने पर वे कांग्रेस के साथ देंगे। सांप्रदायिक विभाजन रोकने के लिए कांग्रेस असम के स्थानीय समूहों में पहुंच बनाने का प्रयास कर रही है। रायजोर दल और असम जातीयता परिषद से उसको इसका लाभ मिलेगा। दूसरे गौरव गोगोई की वजह से कांग्रेस को एक एडवांटेज मिला हुआ है।तभी हिमंत बिस्वा सरमा ने गोरव गोगोई को निशाना बनाया है। वे उनकी पत्नी को लेकर हमले कर रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि गौरव गोगोई की पत्नी का पाकिस्तान से रिश्ता है। वे पाकिस्तानी एनजीओ के लिए काम कर चुकी हैं और उनका बार बार पाकिस्तान आना जाना हुआ है। हालांकि गौरव गोगोई पर इस तरह के निजी हमले से भाजपा को नुकसान हो सकता है। उनके अलावा सरमा का मुख्य मुद्दा घुसपैठ का है। वे लगातार घुसपैठियों को बाहर निकालने के दावे कर रहे हैं। अमित शाह ने भी घुसपैठियों को बाहर निकालने और भारत की जमीन खाली कराने के लिए सरमा की तारीफ की है। अपने कामकाज और उपलब्धियों की बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के मुद्दे, मियां मुस्लिम को बाहर निकालने, घुसपैठियों की पहचान करने या पाकिस्तान के नाम पर गौरव गोगोई को निशाना बनाने जैसे तमाम मुद्दे निगेटिव प्रचार वाले हैं।

इसी तरह के प्रचार सरमा ने झारखंड चुनाव में सह प्रभारी के तौर पर किया था और भाजपा बुरी तरह से हारी थी। खुद हिमंत बिस्वा सरमा कहते हैं कि असम में मुस्लिम आबादी 34 फीसदी है। इसका मतलब है कि भाजपा को जीतने के लिए 66 फीसदी हिंदू आबादी में से 70 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना होगा। पिछले दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनाव से भाजपा इसमें कामयाब होती रही है। लेकिन इस बार रास्ता आसान नहीं है। असमिया संस्कृति का मुद्दा कांग्रेस और उसकी सहयोगियों ने बनाया है तो देश के अलग अलग हिस्सों में भाजपा शासित राज्यों में बांग्लाभाषियों पर हुए हमले का मुद्दा भी है। हिंदी भाषी लोगों की भी अपनी समस्याए हैं। तभी कांग्रेस ने भी उम्मीद लगाई है।

# सबसे अहम तमिलनाडु का चुनाव

**अजीत द्विवेदी**

इस साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं उनमें पश्चिम बंगाल के बाद सबसे अहम तमिलनाडु का चुनाव है। हालांकि पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि डीएमके के नेतृत्व वाले सेकुलर प्रोग्रेसिव अलायंस यानी एसपीए की राह आसान है और इस बार फिर सत्ता में उसकी वापसी हो सकती है। तमिलनाडु में काफी समय से पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज था, जो 2016 में बदला था, जब जयललिता की पार्टी अन्ना डीएमके लगातार दूसरी बार सत्ता में आई थी। 10 साल सत्ता में रहने के बाद अन्ना डीएमके 2021 में हारी। अब जयललिता नहीं हैं और उनकी पार्टी में खूब बिखराव भी हुआ है। उनके बनाए मुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम पार्टी से अलग हो गए हैं। जयललिता की सबसे करीबी सहयोगी रही वीके शशिकला सक्रिय राजनीति से लगभग दूर हैं और उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरण की पार्टी भी एनडीए से अलग हो गई है।सो, अन्ना डीएमके पहले के मुकाबले कमजोर हुई है। उससे अलग हुए खेमे अपनी अपनी राजनीति कर रहे हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों में पीएमके का विभाजन हो गया है। एक खेमे का नेतृत्व पार्टी के संस्थापक रामदॉस कर रहे हैं तो दूसरे का नेतृत्व उनके बेटे अंबुमणि के हाथ में है। जहां तक भाजपा का सवाल है तो उसकी अपनी ताकत इतनी ज्यादा नहीं है कि वह गठबंधन को गाइड कर सके। अभी तक अन्ना डीएमके नेताओं के हिसाब से एनडीए काम कर रहा है। लेकिन अमित शाह पूरा जोर लगा रहा है।अमित शाह ने तमिलनाडु में अप्रैल 2026 में एनडीए की सरकार बनाने का ऐलान किया है। यह अलग बात है कि एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी अन्ना डीएमके ने कहा हुआ है कि जीत हुई तो सरकार अन्ना डीएमके की होगी, उसमें भाजपा को शामिल नहीं किया जाएगा। यानी वह एनडीए की सरकार नहीं होगी। फिर भी एनडीए के लिए और भाजपा के लिए यह संतोष की बात हो सकती है कि एमके स्टालिन और कांग्रेस के गठबंधन को उसने हरा दिया। भाजपा इसको जरूरी इसलिए भी मान रही है क्योंकि उसे स्टालिन के सनातन विरोध का जवाब देना है।गौरतलब है कि उनके बेटे उदयनिधि ने सनातन को डेंगू जैसी बीमारी बता कर समाप्त करने की बात कही थी। इसके अलावा स्टालिन की पार्टी के साथ भाजपा का एक टकराव भाषा का भी है। हालांकि काशी तमिल संगम का आयोजन लगातार एनडीए की केंद्र सरकार करवा रही है लेकिन तमिलनाडु में डीएमके का गठबंधन सनातन और भाषा दोनों को मुद्दा बनाए हुए है। भाजपा ने तमिलनाडु के सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति बनवाया है। उनके जरिए भी दूरी को पाटने की कोशिश की जा रही है। अमित शाह तमिलनाडु में पोंगल मना रहे हैं और लगातार सक्रियता दिखा कर भाजपा के लिए ज्यादा सीटों की मोलभाव करेंगे।उधर सत्तारूढ़ डीएमके ने चुनाव को तमिल अस्मिता की राजनीति से जोड़ दिया है। स्टालिन और उनके बेटे के निशाने पर अन्ना डीएमके नहीं है, बल्कि भाजपा है। उनको पता है कि भाषा, संस्कृति और धर्म को लेकर अन्ना डीएमके की वही राय होगी, जो डीएमके की है। इसलिए उनका हमला भाजपा पर है, जिसे हिंदी और हिंदू धर्म के बहाने एक धुरी बना कर द्रविडियन अस्मिता के वोटों का ध्रुवीकरण कराया जा सकता है। संसद में भी डीएमके सांसद अक्सर हिंदी को लेकर विरोध जताते रहते हैं। भाषा और अस्मिता के मुद्दे के अलावा डीएमके को सरकार में होने का एडवांटेज है। उसने वेलफेयर की कई योजनाएं चुनाव से पहले घोषित कर दी हैं।

पोंगल के बहाने सरकार ने नकद पैसे बांटने से लेकर कई तरह के उपहार बांटने शुरू कर दिए हैं। इसके साथ ही आर्थिक विकास के आंकड़े पेश करके भाजपा शासित राज्यों से तुलना की जा रही है और तमिलनाडु को बेहतर साबित किया जा रहा है। उसके गठबंधन में कांग्रेस जरूर कुछ पेंच डाल रही है। वह ज्यादा सीटों और सरकार में शामिल किए जाने की मांग कर रही है। लेकिन अंदाजा है कि अंत में एसपीए एक होकर ही चुनाव मैदान में उतरेगा।तमिलनाडु का चुनाव इस बार ज्यादा दिलचस्प इसलिए हो गया है क्योंकि लंबे अरसे बात प्रदेश का विधानसभा चुनाव त्रिकोणात्मक होता दिख रहा है। कैप्टेन विजयकांत ने पार्टी बना कर 2011 का चुनाव लड़ा था लेकिन तब वे अन्ना डीएमके से अलायंस में थे और 2016 में अकेले लड़े तो एक भी सीट नहीं जीत पाए। आखिरी बार एमजी रामचंद्रन के निधन के बाद जब 1989 में अन्ना डीएमके टूटी थी तब त्रिकोणात्मक मुकाबला हुआ था। उस समय एक धड़े का नेतृत्व एमजीआर की पत्नी जानकी रामचंद्रन कर रही थीं और दूसरे गुट का नेतृत्व जयललिता के हाथ में था। अंत में जययलिता ने बाजी मारी और अन्ना डीएमके उनकी पार्टी हो गई। उस समय फिल्म स्टार शिवाजी गणेशन ने भी टीएमएम नाम से पार्टी बनाई थी और चुनाव लड़े थे।उस चुनाव के 27 साल बाद तमिलनाडु में त्रिकोणात्मक मुकाबला होता दिख रहा है। तमिल फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय की वजह से ऐसा हुआ है। उन्होंने तमिलगा वेत्री कझगम यानी टीवीके नाम से पार्टी बनाई है। वे पूरे दमखम के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने चुनाव के कई महीने पहले से प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। एमजीआर और जयललिता की तरह उन्होंने भी डीएमके को बुरी शक्ति बताया है और उसे हराने का आह्वान किया है। वे बेहद लोकप्रिय हैं और राजनीति के लिए उन्होंने फिल्मों से संन्यास की घोषणा की है। उनमें एमजीआर या जयललिता की तरह राजनीतिक सफलता की संभावना देखी जा रही है।सो, डीएमके नेतृत्व वाले एसपीए के साथ अन्ना डीएमके नेतृत्व वाले एनडीए और विजय की पार्टी टीवीके के बीच त्रिकोणात्मक मुकाबला है। इनके अलावा भी कई छोटी छोटी पार्टियां चुनाव में होंगी। कैप्टेन विजयकांत की पार्टी उनकी पत्नी प्रेमलता संभाल रही हैं और वे भी चुनाव लड़ेंगी। बहरहाल, विजय की पार्टी के लिए चुनाव रणनीति प्रशांत किशोर बना रहे हैं और पिछले साल उन्होंने विजय के एक कार्यक्रम में कहा था कि अभी तमिलनाडु में सबसे लोकप्रिय बिहारी एमएस धोनी हैं लेकिन एक साल बाद सबसे लोकप्रिय प्रशांत किशोर होंगे।

# दो दीवाने सहर में का टीजर हुआ रिलीज



जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शंस की आने वाली फिल्म दो दीवाने सहर में का शानदार टीजर रिलीज हो चुका है, जिसे देख आपको पुरानी फिल्मों की लव स्टोरी याद आ जाएगी। इस अनोखे रोमांटिक ड्रामा का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है और यह एक ऐसी प्रेम कहानी है जो कई रोमांटिक और इमोशनल पलों से भरपूर है, जहां पहले लुक ने हमें दो अधूरे लोगों के बीच की एक परफेक्ट लव स्टोरी दिखाई है तो वहीं टीजर एक ऐसे मॉडर्न रोमांस की भी झलक पेश की, जो बहुत ही खूबसूरत है। एक अच्छी पुरानी रोमांटिक फिल्म दर्शकों को इम्प्रेस करने में कभी फेल नहीं होती और शायद ये फिल्म भी सभी को पसंद आए। डायरेक्टर रवि उदयावर इस वैलेंटाइन्स डे पर दो दीवाने सहर में लेकर आ रहे हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर अपनी आने वाली इम्परफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी से दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दो दीवाने सहर में के टीजर की शुरुआत एक सीधे–सादे, शर्मीले लड़के शशांक से होती है, जो रोशनी के घर पर उनके माता–पिता के साथ बैठा है। ऐसा लगता है कि वह अरेंज मैरिज के जरिए अपनी होने वाली दुल्हन से मिलने आया है, लेकिन रोशनी अपने होने वाले पति और घर के इस फॉर्मल माहौल को देखकर खुश हो जाती है। निर्माताओं ने वीडियो शेयर कर लिखा, क्योंकि हर इश्क परफेक्ट नहीं होता, पर काफी होता है। गवाह इस शहर की एक अपूर्ण परफेक्ट प्रेम कहानी।

## अजय देवगन ने दिखाई एआई निर्मित बाल तन्हाजी की पहली झलक

अजय देवगन साल 2020 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म 'तान्हाजी : द अनंसगइ् वॉरियर की कहानी एक बार फिर लेकर आ रहे हैं। हालांकि, इस बार ये कहानी एक नए अंदाज में पेश की जाएगी। क्योंकि अजय देवगन और निर्माता दानिश देवगन ने अपने लेंस वॉल्ट स्टूडियोज (एलवीएस) के तहत आई निर्मित फिल्म 'बाल तन्हाजीइ् की घोषणा की है।2020 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'तन्हाजी : द अनसंग वॉरियरइ् की ही दुनिया पर आधारित 'बाल तन्हाजीइ् इस फिल्म की दुनिया को अनछुए पहलुओं की ओर ले जाएगी। यह एक एआई फिल्म होगी। यह कहानी को एक ऐसी पीढ़ी के लिए नए सिरे से प्रस्तुत करेगी, जो सिनेमाघरों से परे कहानियों में रुचि रखती है।इस मौके पर अजय देवगन ने कहा कि यह फिल्म स्टूडियो के भविष्य के लिए तैयार प्रोजेक्ट्स के निर्माण की दिशा में पहली शुरुआत है। लेंस वॉल्ट स्टूडियो की स्थापना कहानी कहने की पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़ने के लिए की गई थी। हमारा ध्यान उन फॉर्मेट और मीडियम पर है, जो अभी तक काफी हद तक अनछुए हैं।

# टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर सस्पेंस

नई दिल्ली , पाकिस्तान ने कहा कि वह आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपनी भागीदारी पर अंतिम फैसला कुछ समय के लिए टाल रहा है। यह मामला कम से कम शुक्रवार या अगले सोमवार तक खुला रखा जाएगा। यह निर्णय सह–मेजबान भारत के खिलाफ संभावित मैच बहिष्कार और बांग्लादेश के समर्थन को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच लिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (क्ष्टक्ष) के अनुसार, चेयरमैन मोहसिन नक़्वी ने इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बैठक में आईसीसी से जुड़े मौजूदा हालात और संभावित विकल्पों पर विस्तार से चर्चा हुई।

नक़्वी ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी विकल्पों पर विचार कर संतुलित फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। इस बात पर सहमति बनी कि अंतिम निर्णय शुक्रवार या अगले सोमवार को लिया जाएगा।एजेंसी के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीसीबी को बांग्लादेश को पूर्ण समर्थन देने को कहा है। बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत के बजाय श्रीलंका में अपने मैच कराने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने खारिज कर दिया।




रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के सामने दो प्रमुख विकल्प रखे गए हैं–

टी20 वर्ल्ड कप से पूरी तरह हटना

15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बहिष्कार करना

यह कदम बांग्लादेश क्रिकेट के समर्थन में उठाया जा सकता है।

**सरकार लेगी अंतिम फैसला**

पीसीबी पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि बदली परिस्थितियों में पाकिस्तान की भागीदारी पर अंतिम फैसला संघीय सरकार करेगी। आईसीसी का कहना है कि भारत में किसी तरह की सुरक्षा चिंता नहीं है।

# बॉक्स ऑफिस पर हैप्पी पटेल और राहु केतु, द राजा साब का बंटाधार

वीकएंड के बाद लगभग सभी फिल्मों के कलेक्शन में गिरावट देखने को मिल रही है। बुधवार के दिन जहां नई रिलीज हुई फिल्मों के कलेक्शन में पिछले दिन के मुकाबले गिरावट देखने को मिली, वहीं पहले से अच्छा कलेक्शन करने वाली फिल्मों के कलेक्शन में गिरावट आई। आइए जानते हैं राहु केतु, हैप्पी पटेल, धुरंधर और द राजा साब ने कितना कलेक्शन किया है?फिल्म 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूसइ् ने बुधवार को 19 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। इसने मंगलवार को 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूसइ् का कुल कलेक्शन 5.29 करोड़ रुपये हो गया है। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनने वाली




इस फिल्म में आमिर खान ने भी अभिनय किया है। बॉलीवुड फिल्म 'राहु केतु की कमाई में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। छठे दिन फिल्म ने 38 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इस फिल्म का कलेक्शन 54 लाख रुपये रहा था। फिल्म का कुल कलेक्शन 5.87 करोड़ रुपये हो गया है। इसमें पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा ने अदाकारी की है।

आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधरइ् ने बुधवार को बॉक्स ऑफिस पर 1.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 1.65 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई थी, फिर भी यह बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। इसका कुल कलेक्शन 829.40 करोड़ रुपये हो चुका है।

## डब्ल्यूपीएल : ब्रंट का तूफानी शतक, आरसीबी को हराकर एमआई ने बरकरार रखी उम्मीदें

वडोदरा , मुंबई इंडियंस (एमआई) ने नेट साइवर–ब्रंट की तूफानी पारी की मदद से सोमवार को बीसीए स्टेडियम में खेले गए विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 के 16वें मुकाबले को 15 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ एमआई ने प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखा है। आरसीबी लगातार 5 मुकाबले जीतने के साथ अगले दौर में पहुंचने वाली पहली टीम है, जिसके बाद उसे लगातार 2 मुकाबले गंवाने पड़े हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस के साथ दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स ने 3–3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। यूपी वॉरियर्स 6 में से 2 मुकाबले जीतकर पांचवें पायदान पर है। इन चारों टीमों के पास अगले दौर में पहुंचने का मौका है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी एमआई ने निर्धारित ओवरों में 4 विकेट खोकर 199 रन बनाए। इस टीम ने 16 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज सजीवन सजना का विकेट खो दिया था।

# टी20 वर्ल्ड कप : शाई होप बने वेस्टइंडीज के कप्तान

नई दिल्ली , वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए सोमवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी। शाई होप को टीम की कमान सौंपी गई, लेकिन इविन लुईस को नजरअंदाज किया गया है। यह टूर्नामेंट 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाना है। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज इविन लुईस को टीम से बाहर कर दिया गया है, जिनका अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। उनके साथ तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ भी चोट के कारण टी20 फॉर्मेट के महाकुंभ से बाहर हो गए हैं। 15 सदस्यीय खेमे में साल 2024 के घरेलू वर्ल्ड कप में खेलने वाली टीम के 11 खिलाड़ी शामिल हैं। टी20 वर्ल्ड कप की यह टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ



आगामी टी20 सीरीज में भी हिस्सा लेगी। तीन मुकाबलों की यह सीरीज 27–31 जनवरी के बीच खेली जाएगी। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को ग्रुप सी में स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, नेपाल और इटली के साथ रखा गया है। कैरेबियन टीम 7 फरवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद यह टीम 11 फरवरी को इंग्लैंड, 15 फरवरी को नेपाल और 19 फरवरी को इटली से भिड़ेगी। बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर और ब्रैंडन किंग ही यूएई सीरीज से टीम में शामिल किए गए टॉप–ऑर्डर के खिलाड़ी हैं। वेस्टइंडीज की तेज गेंदबाजी यूनिट में ज्यादा बदलाव नहीं किए गए हैं। विस्फोटक बल्लेबाज क्विंटन सैम्पसन को विश्व कप टीम में जगह मिली है। 25 वर्षीय सैम्पसन को उनके कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के प्रदर्शन के आधार पर मौका दिया गया है, जहां उन्होंने गुयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए 9 पारियों में 241 रन बनाए थे।

## एक नजर

### लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताएं

चमोली : वादुक गांव में पुलिस की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नशा, साइबर अपराध से बचाव, यातायात नियम और महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम सभा के पंचायत भवन सभागार में लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया। कहा कि नशे से मानसिक, सामाजिक और आर्थिक पर दुष्प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने और नाबालिग को वाहन न देने की हिदायत दी। साइबर अपराध के बारे में बताते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात नंबर से आए फोन या मैसेज पर कोई रिप्लाई न करें। किसी भी स्थिति में ओटीपी या बैंक डिटेल साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान महिला सुरक्षा के कानून की भी जानकारी दी गई। (एजेंसी)

### सड़क हादसे में युवक की मौत

चमोली : सीमांत क्षेत्र रैणी के पास बाइक दुर्घटना में देहरादून निवासी एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीनगर में पढ़ाई करने वाले दो छात्र सोमवार को बाइक से यहां घूमने आए थे। सुराई थोटा से लौटते समय रैणी गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। हादसे में बाइक चालक मोहित सती (20) पुत्र सत्य प्रसाद सती निवासी नेहरू ग्राम देहरादून की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे उसके सहपाठी लक्ष्य (20) निवासी कोटपुतली राजस्थान को हल्की चोट आई हैं। ज्योतिर्मठ कोतवाली के एसएसआई विनोद रावत ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया है। (एजेंसी)

### मिट्टी में फिसली स्कूटी, व्यक्ति की मौत

रुद्रप्रयाग : जखोली ब्लॉक में कोटी-घण्डियाली मार्ग पर एक स्कूटी फिसलने से पोड़ानामी तोक के पास सेमकोटी निवासी उदय सिंह (69) की मौत हो गई। लोगों ने घटना का कारण विभागीय लापरवाही बताई। सोमवार देर शाम को उदय सिंह स्कूटी से सेमकोटी से जखोली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पोड़ानामी तोक के पास सड़क पर ढलान होने और गड्ढे पर मिट्टी होने के कारण स्कूटी फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उनकी मौत हो गई। सामाजिक कार्यकर्ता जय ओमप्रकाश ने आरोप लगाया कि विभाग ने सड़क के गड्ढे भरने के लिए चिकनी मिट्टी डाली जिससे मार्ग पर फिसलन बढ़ गई और दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं मयाली-गुप्तकाशी क्षेत्रीय विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. नरबीर सिंह रौथाण, सह सचिव जय ओमप्रकाश ने कहा कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो वे आंदोलन करेंगे। (एजेंसी)

### भालू ने गोशाला की छत उखाड़ी

रुद्रप्रयाग : सोमवार देर रात फाटा के निकट रविग्राम में भालू ने एक गोशाला की टिन की छत को उखाड़ फेंका और मवेशियों पर हमला करने की कोशिश की। इस दौरान जानवरों के शोरगुल से ग्रामीण जागे और शोर मचाकर भालू को भगाया। ग्रामीण हर्षवर्धन जमलोकी ने बताया कि रात 11 बजे भालू ने उनके घर के पास बनी गोशाला की छत उखाड़कर अंदर घुसकर मवेशियों को मारने की कोशिश की। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। रेंजर आशीष जिरवाण बताया कि वनविभाग की टीम रात को ही मौके पर पहुंचे। क्षेत्र में गश्त की और इलाके की निगरानी की जा रही है। (एजेंसी)

### कोठियालसैंण में लगा एक किमी. लंबा जाम, लोग परेशान

चमोली : चमोली-गोपेश्वर-ऊखीमठ हाईवे पर आए दिन जाम लगने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को कोठियालसैंण में करीब एक घंटे तक एक किमी. तक वाहनों का जाम लगा रहा। लोगों को गंतव्य तक जाने के लिए करीब तीन किमी पैदल चलना पड़ा। चमोली कोतवाली से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर निर्माण सामग्री सड़क पर रखी होने, निर्माण कार्य होने और सड़क किनारे वाहन खड़े होने से यहां जाम लग रहा है। इसके बाद भी यहां कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। मंगलवार को दोपहर ढाई बजे गोपेश्वर की ओर जा रहे वाहनों के साथ ही विपरीत दिशा से ट्रक आने से यहां जाम लग गया। देखते ही देखते एक किमी. तक जाम लग गया। इसी दौरान स्कूली बच्चों को छोड़कर आने वाली बसें भी वहां पहुंचीं तो जाम बढ़ता गया। स्थानीय अमित कुमार ने कहा कि जाम न खुलने से उन्हें चमोली बाजार जाने में तीन किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ा।

# गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा, विद्यालयों में दिखा उत्साह


राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में सोमवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालयों व सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर तिरंगा फहराया गया। साथ ही बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सोमवार सुबह विभिन्न विद्यालयों में गणतंत्र दिवस का उत्साह देखने को मिला। सुबह के समय क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। मालवीय उद्यान में जहां महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर आयुक्त पीएल शाह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। झंडाचौक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने ध्वजारोहण किया। राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पीटीए अध्यक्ष कृष्ण दर्शन भदोला, डा. पदमेश बुड़ाकोटी आदि मौजूद रहे। ज्ञान भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अजयपाल सिंह रावत, प्रधानाचार्य शिवानी नेगी आदि मौजूद रहे। नवयुग विद्यालय में बच्चों ने देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को याद किया। इस दौरान शहीदों के स्वजनों को भी सम्मानित किया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में ध्वजारोहण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर प्राचार्य डीएस नेगी, डा. अभिषेक गोयल, विश्वनाथ खाली आदि मौजूद रहे। कोटद्वार क्षेत्र में डीएवी पब्लिक स्कूल, एवीएन स्कूल, नवयुग पब्लिक स्कूल सहित तमाम विद्यालयों के साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में भी गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### गणतंत्र दिवस पर फीकी रही गोला पार्क की रौनक

श्रीनगर गढ़वाल : गणतंत्र दिवस पर जहां गोला पार्क हर साल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आता था वहीं इस बार 26 जनवरी को पार्क की रौनक फीकी रही। स्कूली बच्चों की परेड, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस बार नहीं दिखे। पूरा आयोजन केवल ध्वजारोहण और राष्ट्रगान तक सिमट कर रह गया जिससे स्थानीय लोगों में निराशा दिखी। स्थानीय सीताराम बहुगुणा ने कहा कि गोला पार्क में वर्षों से राष्ट्रीय पर्वों को भव्य और गरिमामयी रूप में मनाने की परंपरा रही है, लेकिन इस वर्ष न उत्साह दिखा और न ही पूर्व जैसी रौनक। इस बार 26 जनवरी के कार्यक्रम का पता ही नहीं चला। स्कूलों की ओर से केवल प्रभात फेरी निकाली गई जिससे बच्चों को संतोष करना पड़ा। वहीं नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विपिन मैठाणी ने कहा कि मेरे कार्यकाल (2013-2018) में 15 अगस्त और 26 जनवरी दोनों राष्ट्रीय पर्वों पर स्कूली बच्चों की परेड झांकी और सलामी नियमित रूप से गोला पार्क में होती रही है।

# नगर निगम ने नागरिक संहिता की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम की ओर से समान नागरिक संहिता दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को समान नागरिक संहिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की भी अपील की गई।

बदरीनाथ मार्ग स्थित प्रेक्षागृह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने किया। इसके उपरांत हैड हैरिटेज एकेडमी के विद्यार्थियों ने सांस्कृति प्रस्तुति दी। समान नागरिक दिवस पर बच्चों के लिए निबंध, चित्रकला, वाद विवाद सहित अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून को लागू करवाने को प्रदेश सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। कहा कि विगत वर्ष 27 जनवरी 2025 को प्रदेश में समान नागरिक संहिता करवाया गया। कहा कि इस कानून को लागू होने से सभी धर्मों व समाज के हर वर्ग के लोगों को फायदा हो रहा है। नगर आयुक्त पीएल शाह ने कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

कहा कि इस कानून के लागू होने के बाद से कई धर्मों व जातियों में बहुविवाह प्रथा समाप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून लागू होने के बाद से विवाह का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

कहा कि जिन लोगों की शादी मार्च 2010 के बाद हुई हो उन लोगों को शादी का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। कहा कि शादी का रजिस्ट्रेशन न करवाए जाने पर भारी भरकम जुर्माने का भी प्राविधान है। इस मौके पर चंद्र प्रकाश नैथानी, पार्षद सुखपाल शाह, विपिन डोबरियाल, प्रेमा खंतवाल, आशाराम, हरि सिंह पुंडीर आदि मौजूद रहे।

# उक्रांद ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : देव भूमि में लिव इन रिलेशन को मान्यता देने पर उत्तराखंड क्रांति दल ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।

कहा कि उत्तराखंड को देवों की भूमि कहा जाता है। ऐसे में इस तरह के निर्णय ठीक नहीं है। यदि जल्द इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो उक्रांद आंदोलन को मजबूर होगा।

उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता व पदाधिकारी तहसील परिसर में एकत्रित हुए। जहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष जगदीपक रावत ने कहा कि सरकार का यह निर्णय ठीक नहीं है। प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून पारित कर लिव इन रिलेशन को मान्यता प्रदान कर प्रदेश वासियों के साथ छलावा किया है। कहा कि यह कानून देवभूमि की संस्कृति, समाज व युवाओं को दूषित करने वाला कानून है। कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से उत्तराखंड में एक वर्ष तक प्रवास करने वाले बाहरी प्रदेशों के निवासियों को भी स्थाई निवासी बनने का रास्ता खोल दिया गया है। कहा कि उक्रांद शुरू से ही इस प्रकार के जनविरोधी कानूनों का विरोध करता आ रहा है। कार्यकर्त्ताओं ने प्रदेश में लिव इन रिलेशन को समाप्त कर सशक्त भूकानून लागू करवाने की मांग उठाई। इस मौके पर वरिष्ठ नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण, महेंद्र सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, विनोद कुमार, गणेश रावत, हरेंद्र सिंह, हरीश द्विवेदी, ओम प्रकाश घनसेला आदि मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायतों को खनन पट्टों में चुगान की अनुमति दें

श्रीनगर गढ़वाल : बागवान ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए समाजसेवी गणेश भट्ट के नेतृत्व में ग्रामीणों एवं देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यदि सरकार को नदी किनारे पत्थर और रेत से राजस्व ही प्राप्त करना है तो सरकार को स्थानीय ग्राम पंचायतों को उक्त खनन पट्टों पर हल्का चुगान का अधिकार संबंधित ग्राम पंचायतों को दे देना चाहिए। गणेश भट्ट ने कहा कि स्थानीय घोड़ा-खच्चर संचालकों को रेत और नदी के पत्थर ले जाने के लिए लाइसेंस जारी करने चाहिए, जिससे उनके रोजगार के साथ-साथ ग्राम पंचायत और राज्य सरकार को लंबे समय तक राजस्व भी प्राप्त होता रहे। इसके साथ ही उन्होंने मलेथा में रेलवे परियोजना से क्षतिग्रस्त हुए भवनों के मुआवजे के लिए पुनः मूल्यांकन करने और वन विभाग की ओर से गुलदार से निजात दिलाने के लिए तल्याकोट जाबर आदि गांवों के आस-पास पिंजरा लगाने की मांग भी की गई। प्रधान बागवान नरेश कोठियाल ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन की ओर से बागवान के अंतर्गत खनन का पट्टा किसी भी कंपनी को दिया गया तो उसका भारी विरोध किया जाएगा। (एजेंसी)

# बैंकों की हड़ताल, बैरंग लौटे उपभोक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि**

कोटद्वार : पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लेकर मंगलवार को शहर के बैंकों में हड़ताल रही। बैंक कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी भी की। इस दौरान बैंक की हड़ताल के कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

यूनाइटेड फारम आप बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर हड़ताल की गई। इस दौरान यूएफबीयू के नगर संयोजक धर्मपाल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सभी बैंक कर्मी पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के निकट एकत्रित हुए, जहां पर बैंक कर्मियों ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2023 में इंडियन बैंक एसोसिएशन के के पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लेकर द्विपक्षीय समझौता हुआ था, जिसे स्वीकृति के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेज दिया गया था। लेकिन मामला अभी भी लंबित पड़ा हुआ है। कहा कि पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को लेकर बैंक कर्मी लगातार मांग कर रहे है, लेकिन बैंक कर्मियों की मांग को अनसुना किया जा रहा है। जिससे बैंक कर्मियों में केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। बैंकों कर्मियों की हड़ताल के चलते क्षेत्र के पूरे बैंकों में ताले लटके रहे। बैंकों के बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मौके पर बीरेंद्र सिंह रावत, हरजीत सिंह, रमेश नेगी, भीम प्रसाद, सिद्धार्थ कोटनाला, सुरेंद्र सिंह रावत, राहुल नेगी, मुन्नी देवी, अनूप रावत, नीलम सिंह राणा, विक्रम सिंह, सुनील कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह रावत, रोहित वर्मा आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में पंजाब नेशनल बैंक के समीप पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए बैंक कर्मी।

# गणतंत्र दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत थलीसैण की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत थलीसैण अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी द्वारा स्वतंत्रता सैनानी/स्वतंत्रता सैनानी आश्रितों को सम्मानित किया गया। साथ ही पर्यावरण मित्रों को ट्रैक सूट और जूते प्रदान किये गये।

सोमवार को बस स्टेशन के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें 400 से 500 किलोग्राम सूखा और मिक्स कूड़ा एकत्रित कर नष्ट किया गया। इस दौरान एसडीएम कृष्णा त्रिपाठी ने अपने आस पास गंदगी न फैला देने की अपील करते हुए कहा कि हम सभी को स्वच्छ भारत मिशन अभियान को सफल बनाना होगा। कहा कि सफाई सभी के लिए बेहद जरूरी है। जिस गांव या शहर में सफाई होगी वहां पर बहुत सी बीमारियां पैदा ही नहीं होंगी। इस अवसर उपजिलाधिकारी थलीसैण कृष्णा त्रिपाठी, नगर पंचायत थलीसैण अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी, अधिशासी अधिकारी दीपक प्रताप, बाल विकास अधिकारी पूजा गुस्साई आदि मौजूद थे।

### क्रिकेट क्लब टोलधार ने जीता खिताब

श्रीनगर गढ़वाल : मां शाकम्बरी क्रिकेट समिति का 35वां टूर्नामेंट क्रिकेट क्लब टोलधार (भरपूर) के नाम रहा। क्रिकेट क्लब टोलधार ने आरसीसी देवप्रयाग को 70 रनों से हराया। टूर्नामेंट में टिहरी और पौड़ी जिले की 36 टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए टोलधार ने 20 ओवर में 173 रन बनाए। लक्ष्य हासिल करने उतरी आरसीसी की पूरी टीम 103 रन पर ऑल आउट हो गई। फाइनल मैच की विजेता टोलधार की टीम को विधायक विनोद कंडारी ने ट्रॉफी व 31 हजार एवं उपविजेता आरसीसी, बाहबाजार देवप्रयाग को समाजसेवी रतन सिंह ने ट्रॉफी व 11 हजार की राशि प्रदान की। टूर्नामेंट में 21 विकेट व 65 रन बनाकर मैन ऑफ द सीरीज सहित बेस्ट गेंदबाज रहे कमल रावत को सभासद राहुल कोटियाल ने एक 1100 रुपये की राशि व ट्रॉफी प्रदान की। वहीं कप्तान सुरेश 111 रन बनाकर बेस्ट बैट्समैन बने।

# उत्साहपूर्वक मनाया समान नागरिक संहिता दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : समान नागरिक संहिता यूसीसी के एक वर्ष पूरे होने पर आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली में यूसीसी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए निबन्ध, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नीरज लिंगवाल एवं जीतू सिंह को सम्मानित किया गया।

उपजिलाधिकारी रेखा आर्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात छात्रों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पूनम ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपजिलाधिकारी रेखा आर्य ने यूसीसी कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सतपुली पंकज कुमार, सभासद चंद्र मोहन सिंह रावत, दीपिका मियां, जसवंत सिंह रावत, प्रधानाचार्य प्रेम सिंह रावत,पीएलबी सतपुली पुष्पेंद्र राणा, विनोद कुमार घिल्डियाल, धर्मेंद्र सिंह, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रेनू घिल्डियाल, महामंत्री मालती जुयाल, चरण सिंह, विनय रावत, ज्योति मित्तल, सुधाकर बडोनी, जयपाल दत्त शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, प्रतिमा रावत, विनय रावत, ज्योति मित्तल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दयाशंकर बिंजोला ने किया।



# मार्ग निर्माण को लेकर लोगों ने किया आंदोलन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कुछ दिन पूर्व जहां लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण को काले झंडे दिखाए थे। वहीं, अब लोगों ने चिल्लरखाल में निरंतर अपना धरना जारी रखा। लोगों ने जल्द मार्ग निर्माण नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी ।

चिलरखाल वन चौकी के समीप प्रवीन थापा के नेतृत्व में लोगों ने धरना दिया। कहा कि उन्हें आंदोलन चलाते हुए कई माह बीत चुके हैं। लेकिन, अब तक उनकी कोई सुध नहीं ली गई। इससे पता चलता है कि सरकार जनता के हित को लेकर कितनी लापरवाह है। कहा कि कोटद्वार के विकास के लिए लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यक है। इससे जहां कण्वाश्रम को विश्व पटल पर पहचान मिलेगी। वहीं, क्षेत्र में स्वरोजगार के भी साधन बढ़ेंगे। लगातार आश्वासन के बाद भी मार्ग निर्माण नहीं होने से क्षेत्रवासियों में भारी रोष बना हुआ है। इस मौके पर राजाराम अण्थ्वाल, जगदीश मेहरा, जगत सिंह, रिवंद्र सौंद, दिनेश धूलिया, शिवचरण सौंद, उम्मेद भंडारी, गणेश रावत, मदन बिष्ट, दीपा अधिकारी, विनीता देवी, रेखा नेगी आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार के चिलरखाल में लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग निर्माण को लेकर धरना देते लोग

### गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : नगर क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। गढ़वाल विवि के प्रशासनिक भवन परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने झंडा फहराया।

मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने संविधान के मूल्यों, कर्तव्यों और अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया। केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र, सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर में बल के उपमहानिरीक्षक सुभाष चंद नेगी ने सभी से राष्ट्र के प्रति निष्ठा, कर्तव्य और अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया। वहीं चौरास के राइंका मंजाकोट, जीजीआईसी श्रीनगर, जीआईसी, विद्या मंदिर आदि विद्यालयों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। (एजेंसी)

# अब तक चमोली जनपद में हो चुके है 24,257 विवाह पंजीकरण

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) दिवस के अवसर पर मंगलवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष संदीप रावत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद राजकीय इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में सूचना विभाग चमोली की सांस्कृतिक टीम गोपीनाथ संगीत शाला द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समान नागरिक संहिता से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर समान नागरिक संहिता पर लोगों की राय जानने के लिए सुझाव पेटिका भी रखी गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार ने सभी को समान नागरिक संहिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि उत्तराखंड राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जहां समान नागरिक संहिता कानून लागू है। कहा कि समान नागरिक संहिता से महिलाओं को कानूनी सुरक्षा एवं सामाजिक समानता के अधिकार मिलेंगे। साथ ही धर्म या परंपराओं के नाम पर होने वाले भेदभाव को कम करने में यह कानून सहायक होगा। उन्होंने कहा कि विवाह एवं पारिवारिक मामलों में एकरूपता आने से विवादों में भी कमी आएगी।

# महिलाओं ने सीखें बेकरी उत्पाद बनाने के गुर

चमोली : पलायन आयोग की ओर से बमोथ गांव में महिलाओं को बेकरी के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। विभिन्न क्लस्टर की करीब 28 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। महिलाओं ने बंद, बिस्कुट, ब्रेड, केक, फैन, पेटीज आदि बनाना सीखा। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं की ओर से बनाए गए उत्पादों स्थानीय बाजार में हाथों हाथ बिक गए। अब महिलाएं इसे अन्य बाजारों सहित सरकारी कार्यक्रमों में ब्रिकी करने की योजना बना रही हैं। बमोथ के मिनी सचिवालय में गंगनाली क्लस्टर से जुड़ी महिलाओं को बेकरी के उत्पादों का प्रशिक्षण दिया गया। क्लस्टर की अध्यक्ष जशोदा देवी, गुड्डी देवी, हेमलता और रोशनी आदि ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाओं ने पहाड़ी उत्पादों से मंडुवे और जीरा बिस्किट आदि भी बनाए। सभी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद भी किया। एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर मयंक कुमेड़ी ने बताया कि कुछ समय बाद फिर से महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि महिलाएं इस कार्य में निपुण हो सकें। वहीं पोखरी के खंड विकास अधिकारी शिव सिंह भंडारी ने बताया कि महिलाओं के लिए यह प्रशिक्षण लाभकारी साबित होगा। इन उत्पादों को चारधाम यात्रा के दौरान ब्रिकी के लिए प्रयोग किया जाएगा।

### घास काटते हुए महिला को लगा करंट, मौत

रुद्रप्रयाग : नगर पंचायत गुप्तकाशी के नाला वार्ड के अंतर्गत ह्यूण गांव में आर्यन हेलिपैड के पास घास काटने के लिए पेड़ पर चढ़ी महिला की हाईटेंशन लाइन से करंट लगने से मौत हो गई। नाला सभासद मातवर सिंह भंडारी ने बताया कि विनीता देवी (40) पत्नी कुशालानंद तिवारी मवेशियों के लिए चार पत्ती काटने के लिए पेड़ पर चढ़ी थीं। वह दरांती से पेड़ की टहनी काट रही थी और दरांती पास से गुजर रही 33 केवी हाईटेंशन तार पर अटक गई। महिला को अचानक करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम की लापरवाही बताते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

# कोटद्वार स्टेडियम के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार स्टेडियम के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत व कास्य पदक जीते हैं। यह पदक उन्होंने मुख्यमंत्री चैंपियन ट्राफी में जीते

स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी ने बताया कि 23 से 25 जनवरी तक मुख्यमंत्री चैंपियन ट्राफी का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर-19 बालक वर्ग में धर्मेंद्र थापा ने 46-48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, विशाल थापा ने 48-50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अभिषेक ने 52-54 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक, कृष्णा ने 54-57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक अंशवीर ने 50-52 किलोग्राम भार वर्ग ने कांस्य पदक, राज सिंह ने 57-63 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक, अंशुमन ने 50-52 किलोग्राम भार वर्ग कांस्य पदक और बालिका वर्ग में शालनी ने रजत, कनक ने कांस्य पद अपने नाम किया। मुक्केबाजों ने 3 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य पदक अपने नाम किए,। कोटद्वार की टीम ने पूरे राज्य में अंडर-19 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बच्चों की सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर रावत, वरिष्ठ सहायक शिवम सिंह रावत, व्यायाम प्रशिक्षक प्रवीण बिष्ट, बॉक्सिंग रेफरी और जज शिवम घिल्डियाल ने खुशी व्यक्त की।


बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ी

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

## ध्वजारोहण, परेड, झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा गणतंत्र दिवस समारोह, जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय में किया ध्वजारोहण, उत्कृष्ट कार्मिकों को सम्मानित करते हुए परेड की ली सलामी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद में 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को पूरे हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः काल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरियां निकाली गईं, वहीं जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों एवं विभागीय कार्यालयों में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किए गए। जिलाधिकारी ने सीडीएस पार्क में देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। साथ ही कंडोलिया स्थित गांधी पार्क में जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया।कंडोलिया मैदान में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने प्रतिभाग किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने 9:30 बजे कलेक्ट्रेट में, एसएसपी सर्वेश पंवार ने पुलिस लाइन, अपर आयुक्त गढ़वाल मंडल उत्तम सिंह चौहान ने आयुक्त कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने विकास भवन में ध्वजारोहण किया। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित अधिकारियों व कार्मिकों को संविधान की शपथ भी दिलायी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र के 77वें वर्ष में प्रवेश के साथ आत्ममंथन आवश्यक है कि अब तक क्या उपलब्धियां मिलीं और आगे किन लक्ष्यों को प्राप्त करना है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों से ईमानदारी, निष्ठा व जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशासन मानव केंद्रित होना चाहिए, ताकि आमजन के कार्य समय पर पूरे हों और जनता को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले।

डीएम ने कहा कि यह दिवस लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने पौड़ी को संघर्षों की ऐतिहासिक धरती बताते हुए यहाँ गणतंत्र दिवस मनाने को गर्व का विषय बताया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, ब्लॉक प्रमुख अस्मिता नेगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, डीएफओ गढ़वाल महातिम यादव, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, डीएसटीओ राम सलोने, सीओ पुलिस तुषार बोरा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी खुशाल सिंह नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित डुबरिया, जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार, जिला निबंधक सहकारिता सौरभ कुमार, जिला खेल अधिकारी जयबीर रावत, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष जसपाल नेगी, यशपाल बेनाम, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी को किया सम्मानित

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. उम्मेद सिंह नेगी की धर्मपत्नी शिवदेई देवी को उनके निवास स्थान ग्राम नलाई में घर पर जाकर तहसीलदार पौड़ी सदर दीवान सिंह राणा ने सम्मान सहित अंग वस्त्र ओढ़कर व प्रशस्ति पत्र पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर ग्राम पंचायत प्रधान सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डांगी, सरस्वती विद्या मंदिर घंडियाल में गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरियां निकाली गईं।

विकासखंड कल्जीखाल राउमा विद्यालय डांगी में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ज्ञात हो कि जंगली जानवरों की सुरक्षा को लेकर विद्यालय वर्तमान पंचायत भवन में संचालित किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर छात्रों ने देश भक्ति गीतों पर आधारित गीतों पर एक से एक बेहतर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य कांति किशोर आर्य, ग्राम प्रधान पांचाली अशोक रावत, पीटीए अध्यक्ष श्रीमती हिमानी भंडारी सहित अभिभावक एवं पुरातन छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। वहीं क्षेत्र के प्रतिष्ठित सरस्वती विद्या मंदिर घंडियाल में प्रधानाचार्य संदीप रावत के दिशा निर्देशन में अन्य वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा नंदा राजजात डोली झांकी एवं देश की सीमाओं पर देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर योद्धाओं की याद में सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक बार्डर के पास से आकर दून में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। पाकिस्तान के बार्डर एरिया से आकर दून में बंद मकान में चोरी करने वाले गैंग के आरोपी को नेहरू कॉलोनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी का दूसरा साथी फरार है। गिरफ्तार आरोपी से करीब ढाई लाख रुपये के गहने बरामद किए गए हैं। एसओ नेहरू कॉलोनी संजीत कुमार बताया कि शिवलोक कॉलोनी, डिफेंसी कॉलोनी निवासी सतीश भंडारी के बंद घर में चोरी को लेकर बीते 31 दिसंबर को केस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि 30 जनवरी की रात उनके बंद घर को निशाना बनाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान चोरी में शामिल आरोपी साहिल उर्फ बादशाह उम्र 26 वर्ष निवासी मुरादुर माल्हा, जिला तरन तारन, पंजाब को नेहरू कॉलोनी क्षेत्र से बीते रविवार गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ में पता लगा कि उसने अपने गांव के साथी मंदीप उर्फ बग्गू के साथ देहरादून आकर वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद दोनों पंजाब चले गए। फिर दुबारा वारदात के लिए साहिल पहुंचा तो उसे धर लिया गया। फरार मंदीप की तलाश की जा रही है।

### रोड सेफ्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला दून संभाग ने जीता

देहरादून। परिवहन मुख्यालय में आयोजित रोड सेफ्टी विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब आरटीओ देहरादून संभाग की टीम ने अपने नाम कर लिया है। फाइनल मुकाबले में आरटीओ देहरादून ने परिवहन मुख्यालय को हराकर शानदार जीत दर्ज की और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। खिताबी मुकाबले में आरटीओ देहरादून की बेहतर गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के आगे परिवहन मुख्यालय की टीम बेबस नजर आई। पूरी टीम मात्र 50 रनों पर ऑल आउट हो गई। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरटीओ देहरादून की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र चार ओवरों में लक्ष्य हासिल कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि अपर परिवहन आयुक्त एसके सिंह, जॉइंट कमिश्नर राजीव मेहरा, उप परिवहन आयुक्त दिनेश पठोई, सुनील शर्मा, शैलेश तिवारी और आरटीओ (प्रवर्तन) अनीता चमोला ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

### बैंक कर्मियों ने निकाली रैली

देहरादून। दो दिन की छुट्टी की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान मंगलवार को देहरादून में बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। विभिन्न बैंकों के कर्मचारी एश्ले हॉल स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया परिसर में एकत्र हुए। इसके बाद कर्मचारियों ने रैली निकाली। रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। कर्मचारियों के हाथों में बैनर और तख्तियां थीं। उन्होंने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाज़ी की। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बढ़ते कार्यभार के बावजूद उन्हें पर्याप्त अवकाश नहीं मिल रहा है।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** डॉ० पी० द० ब० हि० राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोटद्वार में 77 वे गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य प्रो० डी० एस० नेगी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के पश्चात एन सी सी कैडेटस द्वारा मार्च पास्ट एवं गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के समारोहक डॉ० अभिषेक गोयल ने उच्च शिक्षा निदेशक प्रो० विश्वनाथ खाली द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रेषित संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० डी० एस० नेगी द्वारा विभिन्न एन सी सी कैडेट्स को वर्ष भर की गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रो० नेगी ने अपने संबोधन में उन वीर सपूतों को याद किया जिन्होंने अपने लहू की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई । उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी स्फूर्ति, उमंग और अनुशासन का प्रतीक हैं। प्रो० नेगी ने महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं अपने कर्तव्यों के प्रति अभिप्रेरित हुए कहा कि स्वयं का मूल्यांकन ही भविष्य की उन्नति का मार्ग है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों तथा एन सी सी कैडेट्स द्वारा भी अपने वक्तव्यों एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से देश के अमर शहीदों को याद किया गया। कार्यकम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र संघ पदाधिकारी एवं अन्य छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### आईटीडीए कैल्क कम्प्यूटर संस्थान , बुरान्स कोचिंग क्लासेस में किया गया ध्वजारोहण

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :**77 वें गणतंत्र दिवस पर आईटीडीए कैल्क कम्प्यूटर संस्थान व बुरान्स कोचिंग क्लासेस में ध्वजारोहण किया गया। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी अरविन्द दुदपुड़ी ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस क़ी शुभकामनायें दी।

संस्थान के निदेशक डॉ नन्द किशोर जखमोला ने सभी शिक्षकों छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस क़ी शुभकामनायें देते हुये संविधान निर्मता डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद करते हुये गणतंत्र दिवस क़ी महिमा पर प्रकाश डाला इस अवसर पर संस्थान क़ी सह निदेशक श्रीमती अनीता जखमोला अरविन्द दुदपुड़ी, रजनी रावत ,मोहित ठाकुर, भारत रावत ,स्वाती कंडवाल, नेहा रतूड़ी, नितेश रावत, अंशिका डंगवाल, सौरभ घनसेला, कशिस, रोशनी देवी सहित छात्र-छत्राये उपस्थित रहे।

# यूसीसी दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग द्वारा समान नागरिक संहिता लागू होने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'प्रथम देवभूमि समान नागरिक संहिता दिवस समारोह 2026' को ह्लसमानता द्वारा समरसताह्न थीम के साथ उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संपूर्ण जनपद में पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर समान नागरिक संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गुप्तकाशी भारत भूषण पंवार सहित सराहनीय कार्य करने वाले ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

चित्रकला प्रतियोगितारू में अंशिका, अनमोल, दीपिका, निबंध प्रतियोगिता में आरुषि, खुशी कंडारी, निधि रतूड़ी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता (पक्ष) भूमिका प्रथम, गौरव द्वितीय, वाद-विवाद प्रतियोगिता (विपक्ष) में दिव्यांजलि प्रथम, सृष्टि द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य है, जो सामाजिक समानता, न्याय और समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कहा कि यूसीसी के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार एवं समान न्याय सुनिश्चित हुआ है।

उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के सामूहिक प्रयासों से संपूर्ण प्रदेश में जनपद रुद्रप्रयाग को तृतीय स्थान तथा गढ़वाल मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने विवाह पंजीकरण के क्षेत्र में जनपद द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि एक वर्ष में जनपद में 19,943 विवाह पंजीकरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 19,249 विवाह पंजीकरण सफलता पूर्वक संपन्न किए गए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेन्द्र बिष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी टी.आर. मलेठा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

# देहरादूनः अवैध कब्जों पर बुलडोजर एक्शन

देहरादून। मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने बीते तीन साल में देहरादून–मसूरी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ की जानकारी दी है। एमडीडीए ने 10,000 बीघा से अधिक भूमि से अतिक्रमण हटाया है और 1,000 से अधिक अवैध निर्माणों को सील किया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने अवैध निर्माण के खिलाफ इसे अबतक का सबसे कठोर और बड़ा अभियान बताया है। प्रशासन ने इस एक्शन के जरिए साफ कर दिया है कि बिना नक्शा पास कराए या फिर नियमों की अनदेखी कर किया गया कोई भी निर्माण बख्शा नहीं जाएगा। एमडीडीए का कहना है कि लोगों को गुमराह कर प्लॉट बेचने वालों के खिलाफ सख्त रुख जारी रहेगा। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा, 'इतने बड़े स्तर पर कई गई ये कार्रवाई न सिर्फ एतिहासिक बल्कि इससे अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों और नियमों को ताक पर रखने वालों के बीच डर का माहौल बनाया गया है। जीरो टॉलरेंस नीति को आगे भी सख्ती से लागू है।' अधिकारियों ने बताया कि अवैध जमीनों और निर्माण की रेगुलर निगरानी की जा रही और फिर कानून के मुताबिक सील या फिर बुल्डोजर एक्शन लिया जा रहा है। एमडीडीए आगे भी अवैध प्लाटिंग और निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि जमीनों पर अवैध कब्जा और निर्माण सीधे तौर पर अर्बन प्लानिंग, पर्यावरण संरक्षण और पब्लिक सेफ्टी पर सीधा हमला है। एमडीडीए के मुताबिक अवैध प्लॉटिंग के चलते भविष्य में पेयजल संकटस ट्रैफिक जाम और जलभराव की समस्या देखने को मिलती हैं जिससे पब्लिक को भारी तकलीफ होती है।

# रुद्रप्रयाग में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जनपद रुद्रप्रयाग में गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय रुद्रप्रयाग में आयोजित हुआ। परेड में पुलिस टुकड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, एसडीआरएफ, जिला पूर्ति विभाग, जिला कृषि विभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमूह का ध्यान आकर्षित किया। परेड में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टुकड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रातः 8 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल से रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार होते हुए पेट्रोल पंप तिराहा तक भव्य प्रभात रैली निकाली गई। रैली में देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत छात्र-छात्राओं, आमजन, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवकों सहित विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। प्रतिभागियों ने तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। रैली के माध्यम से आमजन को यूसीसी (समान नागरिक संहिता) के संबंध में भी जागरूक किया गया। तत्पश्चात जनपद के समस्त शासकीय, अशासकीय कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला कार्यालय रुद्रप्रयाग में जिलाधिकारी प्रतीक जैन द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प लें तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

### कारगी में सड़क पर कूड़ा फैलने से बढ़ी मुसीबत

देहरादून। दून शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निगम के दावे एक बार फिर फेल साबित हुए हैं। सोमवार को कारगी में बने मैकेनाइज्ड कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन में काम ठप रहने के कारण भारी मात्रा में कूड़ा हाईवे के किनारे डंप हो गया। इससे वाहन चालकों, पर्यटकों और आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठान कार्य भी इससे प्रभावित हुआ। निगम ने अनुबंधित कंपनी राशा इंफ्रास्ट्रक्चर को पहले भी कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए थे। बावजूद ट्रांसफर स्टेशन से चार सौ मीट्रिक टन से ज्यादा कूड़ा कैप्सूल बनाकर भेजने की बजाय निगम को सीधे सफाई वाहन शीशमबाड़ा प्लांट भेजने पड़ रहे हैं। वहीं कुछ ही दिन पहले निगम की पुरानी डंपिंग साइट पर डंप कूड़े में आग लगी थी। इससे आसपास की आबादी को परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

# महिला का मंगलसूत्र लूटने में डिलीवरी बॉय गिरफ्तार



देहरादून। राह चलते महिला का मंगलसूत्र लूटने के आरोप में रायपुर थाना पुलिस ने सोमवार को क्विक कॉमर्स कंपनी के डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने ऊपर चढ़े कर्ज को चुकाने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से सहारनपुर जिले का रहने वाला है। रायपुर थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि कुंती देवी निवासी नथुवावाला ढांग बीते रविवार सुबह पैदल रिश्तेदारों के यहां खैरी खादर जा रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट लगी बाइक से एक युवक आया। उसने शिव मंदिर ढांग से नीचे जाने वाले रास्ते पर कुंती देवी का गले में पहना मंगलसूत्र लूटा और फरार हो गया। महिला ने घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। रविवार को ही रायपुर थाने में केस दर्ज कराया। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना स्थल के आस पास के रूट के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सोमवार को ब्रदीश कॉलोनी के जंगल से वारदात को अंजाम देने के आरोपी सचिन उम्र 30 वर्ष निवासी रसूलपुर कला थाना फतेहपुर, जिला सहारनपुर हाल निवासी किरायेदार जोगीवाला को गिरफ्तार किया।

# यूसीसी का सफल क्रियान्वयन प्रशासन और जनसहयोग का परिणाम : पोरी

### महिलाओं को न्याय और समान अवसर देने की दिशा में यूसीसी निर्णायक कदम : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : यूसीसी के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद पौड़ी में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग करते हुए जनपदवासियों को यूसीसी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कहा कि यह गर्व का विषय है कि समान नागरिक संहिता का यह कानून केवल घोषणा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रभावी रूप से धरातल पर लागू होकर जनकल्याण का माध्यम बना है। इसके माध्यम से सरकारी सेवाओं तक जनता की पहुंच को अधिक सरल, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया गया है।

संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। संस्कृति विभाग की ओर से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जबकि जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए अवगत कराया कि यूसीसी दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त विकासखंडों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी दृष्टि आनंद ने यूसीसी को अधिकार के रूप में जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी की सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के दौरान यूसीसी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इसके उद्देश्य, महत्व एवं प्रावधानों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। विधायक राजकुमार पोरी ने अपने संबोधन में कहा कि समान नागरिक संहिता समाज में समानता, न्याय और पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। कहा कि यह कानून किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। विधायक ने जनपद स्तर पर इसे सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड ने देश को एक नई दिशा और प्रेरणा देने का कार्य किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि कभी समान नागरिक संहिता केवल एक आदर्श कल्पना प्रतीत होती थी, जिसे भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लागू करना कठिन माना जाता था। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड में यह कार्य मात्र तीन वर्षों में दृढ़ इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयास से पूर्ण किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद पौड़ी की 1166 ग्राम पंचायतों में से 835 पंचायतों में कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि पौड़ी जनपद में वर्तमान तक यूसीसी में 43784 पंजीकरण पूर्ण हो चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन जयदीप रावत ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र थपलियाल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, एडीपीआरओ प्रदीप सुंदरियाल, डीआईओ एनआईसी मयंक शर्मा, तहसीलदार दीवान सिंह राणा, जिला खेल समन्वयक योगंबर नेगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

**अंकित और रिंकी तड़ियाल सम्मानित**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में हेमंती सिंह द्वारा हम उत्तराखंडी छा गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर आयोजित निबंध, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही जनपद के प्रथम यूसीसी पंजीकरणकर्ता दंपत्ति अंकित एवं रिंकी तड़ियाल को विशेष रूप से सम्मान प्रदान किया गया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com